**प्रेस नोट**
**दिनांक 27.10.2025**

**थाना तरबगंज पुलिस द्वारा चोरी करने के आरोपी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार, चोरी किया गया 08 अदद मोबाइल I TEL कम्पनी कीपैड वाला व 17 डिब्बे टेम्पर्ड ग्लास भरे हुए व 11 डिब्बे टेम्पर्ड ग्लास आधे भरे हुबरामद-**

श्रीमान पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी तरबगंज श्री उमेश्वर प्रभात सिंह के नेतृत्व में थाना तरबगंज पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 333/2025 धारा 305(a), 331(4), 317(2) बी0एन0एस0 से सम्बन्धित आरोपी अभियुक्त अली अहमद पुत्र जमील नि० असरथा (कुदरहा) थाना- तरबगंज जनपद गोण्डा को बैरागीपुरवा चौराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया गया।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

दिनांक 14.08.25 की रात को थाना तरबगंज क्षेत्र के असरथा बाजार स्थित मोबाइल की दुकान से एक चोर द्वारा 08 मोबाइल (keypad), 05 पुराने मोबाइल, 3000 रूपये केश व टेम्पर्ड ग्लास चोरी कर ली गयी । दुकान के मालिक भोलेशंकर पुत्र रामसुभावन निवासी घांचा बीकापुर थाना तरबगंज गोण्डा की प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना तरबगंज में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। जिसमें थाना तरबगंज पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए आज दिनांक 27.10.2025 को मुखबुर की सूचना पर आरोपी अभियुक्त अली अहमद पुत्र जमील नि० असरथा (कुदरहा) थाना- तरबगंज जनपद गोण्डा को बैरागीपुरवा चौराहे के पास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी के 08 अदद मोबाइल I TEL कम्पनी कीपैड वाला व 17 डिब्बे टेम्पर्ड ग्लास भरे हुए व 11 डिब्बे आधा भरे हुए टेम्पर्ड ग्लास बरामद कर लिया गया । गिरफ्तार अभियुक्तगणों के विरूद्ध थाना तरबगंज पुलिस द्वारा अग्रिम वैधानिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

01. अली अहमद पुत्र जमील नि० असरथा (कुदरहा) थाना- तरबगंज जनपद गोण्डा ।

**पंजीकृत अभियोग-**

01. मु0अ0सं0 333/2025 धारा 305(a), 331(4), 317(2) बी0एन0एस0 थाना तरबगंज जनपद गोण्डा।

**बरामदगी-**

01. 08 अदद मोबाइल I TEL कम्पनी कीपैड वाला
02. 17 डिब्बे टेम्पर्ड ग्लास भरे हुए
03.11 डिब्बे आधा भरे हुए टेम्पर्ड ग्लास

**गिरफ्तार कर्ता टीम-**

01. उ0नि0 इन्देश यादव
02. हे0का0 गोविन्द सिंह
03. का० प्रदीप मौर्या
04. का० प्रमोद वर्मा

**मीडिया सेल, गोण्डा।**